जयपुर (राजस्थान) से प्रकाशित एवं दिल्ली, महाराष्ट्र, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, हरियाणा, पंजाब, गुजरात, उत्तराखंड, छत्तीसगढ़, बिहार, हिमाचल प्रदेश और झारखण्ड राज्यों में प्रसारित

(DAVP-CODE No. 120390) भारत सरकार का रजि. नं. 10311/1965

साप्ताहिक

# हमारा वतन

देश का अपना अखबार

ہمارا وطن ہفت روزہ

संस्थापित 1965



संस्थापक
स्व. श्री राजेन्द्र कुमार 'अजेय'
स्वतंत्रता सेनानी



संरक्षक
बाबू लाल सैनी



सम्पादक
राम गोपाल सैनी

www.hamarawatan.com FOLLOW US:- Hamarawatan | Hamarawatan65 | Hamarawatan3 | YouTube Hamarawatan

वर्ष- 58 | अंक-49 | जयपुर, सोमवार, 19 दिसम्बर, 2022 | वार्षिक शुल्क 200 रुपये (एक प्रति 4 रु.) | पृष्ठ संख्या 4

## मॉडल स्टेट राजस्थान: 1.35 लाख नौकरियां दीं, 1.20 लाख प्रक्रिया में, 1 लाख और देंगे- गहलोत

### 3 साल में प्रति व्यक्ति आय में 26.81% की बढ़ोत्तरी,राजस्थान में कायम रहेगा ओपीएस



**जयपुर (हमारा वतन)।** सीएम अशोक गहलोत ने कहा कि कोविड के दुष्प्रभावों के बावजूद भी राजस्थान की अर्थव्यवस्था लगातार आगे बढ़ रही है। राज्य की जीडीपी का 11.04% की दर से बढ़ना अर्थव्यवस्था का अच्छा प्रतीक है। राज्य सरकार के चार वर्ष संवेदनशील, जनकल्याणकारी निर्णयों, पारदर्शी कार्यों और जवाबदेही सुशासन में 'मॉडल स्टेट' रहा है। गहलोत ने राज्य सरकार के चार वर्ष पूर्ण होने पर सीएम निवास पर कहा कि स्टेट जीडीपी 3 साल में 3 लाख करोड़ रुपए बढ़ी है।

स्टेट जीडीपी का आकार बढ़कर 12 लाख करोड़ रुपये हो गया है। तीन साल में प्रति व्यक्ति आय में 26.81% की बढ़ोत्तरी हुई है। देश में प्रति व्यक्ति आय 6.08% प्रति वर्ष की दर से बढ़ रही है, जबकि राजस्थान में प्रति व्यक्ति आय 8.24% की दर से बढ़ रही है। सीएम बोले कि अब तक 1.35 लाख नौकरियां दी गई, 1.20 लाख प्रक्रियाधीन हैं। 1 लाख और देंगे। ईडब्ल्यूएस में अचल संपत्ति की शर्त हटा दी।

**राज्य सरकार के काम**

**चिरंजीवी योजना** - मुख्यमंत्री चिरंजीवी स्वास्थ्य बीमा योजना में सभी सरकारी एवं निजी अस्पतालों में भी 10 लाख रुपये तक का कैशलेस इलाज़, 5 लाख रुपये का दुर्घटना बीमा दिया जा रहा है। हार्ट ट्रांसप्लांट, बोनमैरो ट्रांसप्लांट, कॉक्लियर इंप्लांट समेत तमाम महंगे ट्रांसप्लांट एवं इंप्लांट का पूरा खर्च पैकेज बनाकर राज्य सरकार दे रही है। ऐसी योजना लागू करने वाला राजस्थान देश का पहला राज्य है।

**मुफ्त बिजली** - 50 यूनिट तक घरेलू बिजली मुफ्त, 150 यूनिट तक 3 रु. एवं 300 यूनिट तक 2 रु. प्रति यूनिट की छूट दी जा रही है।

**महिलाओं की गरिमा** - उड़ान योजना में हर महिला को 12 निःशुल्क सैनिटरी नैपकिन। सीएम बैक टू वर्क,सीएम वर्क फ्रॉम होम योजना लागू की।

**कानून व्यवस्था अच्छी** - फ्री रजिस्ट्रेशन से केसों की संख्या बढ़ी, लेकिन झूठे मामले भी 45% सामने आए। हमारी कानून व्यवस्था दूसरे राज्यों से अच्छी।

**कर्मचारी हित में लागू किया OPS** - राजस्थान सरकार ने OPS बहाल करने का निर्णय लिया। अभी तक 1 जनवरी 2004 से नौकरी लगकर रिटायर हुए 238 मामलों में OPS का लाभ स्वीकृत किया जा चुका है।



## खादी प्रदर्शनी में खरीददारी करने को उमड़ रहे युवा

**जयपुर (हमारा वतन)।** जयपुर बजाज नगर में राजस्थान खादी ग्रामोद्योग संस्था संघ, जयपुर द्वारा आयोजित खादी ग्रामोद्योग प्रदर्शनी 2022-23 में युवाओं में खादी के प्रति दीवानगी देखने को मिल रही है । युवा अब खादी के उत्पाद खरीदने को उमड़ रहे हैं ।

साथ ही ग्राहकों को 50 प्रतिशत की छूट भी प्रदर्शनी में मिल रही है । राजस्थान खादी ग्राम उद्योग संस्था संघ के मंत्री अनिल शर्मा ने बताया कि 25 नवंबर से प्रारंभ हुई यह प्रदर्शनी 13 जनवरी 2023 तक संचालित की जाएगी। उन्होंने बताया कि पिछले 12 वर्षों से निरंतर लगाई जा रही है। इस प्रदर्शनी में कुल 175 स्टाल लगाई जा रही हैं, जिनमें से 130 स्टॉल खादी व 45 स्टॉल ग्रामोद्योग संघ की हैं। प्रदर्शनी में सूती कपड़ा, खादी पोस्टर, रेशमी, ऊनी, पॉली वस्त्रों को प्रदर्शित किया है। इसमें खादी की हैंडमेड कुर्तियां, कुर्ता पायजामा, हैंडमेड पैंट-शर्ट, जैकेट, खादी की बैडशीट्स, कालीन, गलीचे, दरियां, जूट के उत्पाद, चमड़े- खादी की जूतियां समेत आचार, चूर्ण, दवाईयाँ, ड्राई फ्रुट नमकीन, तिलकुटा,गजक रेवड़ी,देशी गुड,साज सज्जा के सामान सहित अन्य उत्पाद मौजूद हैं।

## हरियाणा में हुआ राष्ट्रीय एकता शिविर का आयोजन

**हरियाणा (हमारा वतन)।** भारत सरकार युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय द्वारा महर्षि दयानन्द विश्वविद्यालय, रोहतक, हरियाणा में राष्ट्रीय सेवा योजना के राष्ट्रीय एकता शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें भारत के 18 राज्यों के लगभग 250 स्वयंसेवकों की सहभागिता रही व सभी ने अपने-अपने राज्यों की कला संस्कृति को प्रदर्शित किया। राजस्थान जयपुर के क्षेत्रीय निदेशालय द्वारा शिविर में प्रतिनिधित्व करने के लिए राजस्थान से 6 स्वयंसेवकों व एक दलनायिका का चयन किया गया। जिसमें लाल बहादुर शास्त्री पी.जी. महाविद्यालय से शिविर दल नायिका के रूप में राष्ट्रीय सेवा योजना की कार्यक्रम अधिकारी डॉ. मनजीत कुमारी व स्वयंसेवक दीनदयाल व पूजा महावर का चयन किया गया। सभी स्वयंसेवकों को महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. मुदित गुप्ता ने बधाई दी। शिविर में आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं में राजस्थान की टीम ने 2 पुरस्कार प्राप्त किये।



राजस्थान खादी ग्रामोद्योग संस्था संघ जयपुर

Khadi India

आज़ादी का अमृत महोत्सव

खादी ग्रामोद्योग प्रदर्शनी 2022-23

राजस्थान खादी ग्रामोद्योग संस्था संघ, बजाज नगर, जयपुर

(राजस्थान की प्रमाणित खादी एवं ग्रामोद्योग संस्थाओं का मध्यवर्ती संगठन)

प्रवेश निःशुल्क

25 नवंबर 2022 से प्रारंभ

समय दोपहर 12 बजे से रात्रि 8:30 बजे तक

पार्किंग निःशुल्क

बच्चों के लिए झूलों की विशेष व्यवस्था

खादी पर 50% तक की छूट

प्रदर्शनी स्थल: राजस्थान खादी ग्रामोद्योग संस्था संघ, बजाज नगर, गांधीनगर रेलवे स्टेशन के सामने, जयपुर

(खादी और ग्रामोद्योग आयोग भारत सरकार द्वारा प्रसारित)

लोनिया हॉस्पिटल एंड फर्टिलिटी सेंटर

कचौलिया रोड, मगध नगर, बचपन स्कूल के पास चौमूं, जयपुर

क्या आप अभी तक मातृत्व सुख से वंचित हैं ? तो हमसे मिलें !

सुरक्षित नॉर्मल, सिजेरियन डिलीवरी

निदेशक
डॉ.धर्मराज सिंह लोनिया

24 घंटे इमरजेंसी सुविधा

निःसंतानता अब अभिशाप नहीं, पाएँ मातृत्व का सुख !

संपर्क - 9636247286, 9928747286

फ्री परामर्श

सभी प्रकार की जांच और दवाइयों पर 20 प्रतिशत की छूट





# जाटावाली बिजली ग्रिड पर ग्राम वासियों ने दिया धरना

**चौमूँ (हमारा वतन)।** भाजपा प्रदेश मंत्री एसटी मोर्चा राजस्थान के नेतृत्व में सैकड़ों ग्रामीणों ने जाटावाली ग्रिड पर धरना देकर जेईएन बजरंग सैनी को ज्ञापन दिया। प्रकाश हाटवाल ने बताया रोज-रोज बिजली कटौती से लोग परेशान हैं। बच्चों की अर्द्धवार्षिक परीक्षा चल रही है और बिजली शाम को 6 बजे से लेकर 10 बजे तक काटी जा रही है।

इसके बावजूद किसानों को थ्री फेस लाइट 6 घंटे गवर्नमेंट द्वारा दी जाती है, लेकिन उस लाइट की कटौती हर 15 से 20 मिनट में की जा रही है। किसान बोरिंग चालू कर के खेत में पहुँचता है और फिर लाइट चली जाती है। किसान की खेती बर्बाद हो रही है और रोज-रोज लोगों के लाखों रुपए का वीसीआर भरी जा रही है। रोज-रोज बिजली की दरें बढ़ाई जा रही है। अगर 2 दिन के अंदर बिजली लाइट



सुचारु रुप से चालू नहीं हुई तो हम सब ग्रामवासी जाटावाली ग्रेड पर धरने पर बैठेंगे।

इस मौके पर मालेरा धाम के महंत रामफूलदास महाराज, सरदार मल जाट, किशोर मीणा, प्रकाश हाटवाल, राकेश शर्मा, बबलू बापलावत, राजेश शर्मा, माली राम जाट, जगदीश जांगिड़, साधु राम मीणा, लल्लू राम मीणा, बंसी जाट, मोहन शर्मा, सरवण जाखड़, नानूराम जाट, गिरधारी जाट, कमलेश मीणा, सुनील मीणा, प्रकाश मीणा ,मनीष प्रजापत, सूरज मल कुमावत, किशोर शर्मा, भूराराम शर्मा, प्रहलाद शर्मा, इंदर शर्मा, गोलू कौशिक, मुकेश यादव, विनोद बावरिया, शंकर धानका सहित अन्य ग्रामीण मौजूद रहे।



# शादी पर क्यों बनाते हैं तिमले के पत्तो के पत्तल व पूड़े - डॉ. सोनी

**उत्तराखंड (हमारा वतन)।** उत्तराखंड के दूरस्थ गांव में आज भी गांव के लोग अपने पूर्वजों की शादी ब्याह की रीति रिवाजों व परम्पराओं को निभा रहे हैं। जनपद चमोली के सीमांत ब्लाक देवाल के पूर्णा गांव में कांति देवी व जयबीर राम बधाणी के सुपुत्र कृष्णा के विवाह पर तिमला के पत्तो से पत्तलों व पूड़े को बनाये गए जिसे शुभ माना जाता है। इन्ही पत्तलों पर पूड़ी, पकोड़ी, अरसा, हरी सब्जी व दही की ठेकी को शादी पर दुल्हन के यहां देना सगुन माना जाता है। पर्यावरणविद् वृक्षमित्र डॉ.त्रिलोक चंद्र सोनी कहते है कि तिमले के पत्तो से पत्तल व पूड़े उस समय इसलिए बनाया करते थे क्योंकि लोगों में गरीबी थी, संसाधन नहीं हुआ करते थे, बारातियों के लिए इतने थाली, गिलास लाना मुश्किल था। इसलिए बारात से पहले मंगल स्नान के दिन गांव के सभी बुजुर्ग तिमले के पत्तों के पत्तल व पूड़े बनाते थे ताकि मेहमानों को खाने व पानी पीने में इनका प्रयोग किया जा सके और बारातियों को कोई दिक्कत ना हो। यही नही दूल्हा पक्ष पूड़े, हरी सब्जी व दही की ठेकी को सगुन के तौर पर दुल्हन के यहां भी ले जाते थे ताकि बरातियों को वहां भी कोई परेशानी ना हो। आज यही गांव की रीति रिवाज व परम्परा बनी है जिसे आज भी निभाई जाती हैं। यही अपनापन रिश्तों में मजबूती व एक सूत्र में बांधकर भाईचारे, प्रेम बन्धुत्व बनाए रखती थी।

# विश्व हिन्दू परिषद व बजरंग दल ने किया पठान मूवी का विरोध

**भीलवाड़ा (हमारा वतन)।** विश्व हिंदू परिषद व बजरंग दल द्वारा भीलवाड़ा के शाहपुरा में अपकमिंग फिल्म पठान का विरोध कर प्रदर्शन किया। विहिप जिलाध्यक्ष जयेन्द्र सिंह राणावत के नेतृत्व में विहिप व बजरंग दल के कार्यकर्ताओं द्वारा कलिंजरी गेट पर पठान मूवी के पोस्टर जलाकर विरोध प्रदर्शन करते हुए उक्त फिल्म का बहिष्कार करने की अपील की।

विहिप जिलाध्यक्ष राणावत ने बताया कि कुछ फिल्म कलाकार सनातन धर्म व उनके प्रतीक चिन्हों को जानबूझकर एक एजेंडे के तहत धूमिल करने की साजिश कर रहे है। ऐसे कलाकारों की फिल्मों का बहिष्कार होना अति आवश्यक है। बजरंग दल जिला सह संयोजक धनराज वैष्णव ने बताया कि सनातन संस्कृति और धर्म के




खिलाफ चलाए जा रहे इस षड्यंत्र के तहत ही आगामी रिलीज होने वाली फिल्म पठान में टुकड़े टुकड़े गैंग की सदस्य रही फिल्म अभिनेत्री दीपिका पादुकोण द्वारा भगवा रंग के अभद्र वस्त्र पहन कर हिंदू समाज के प्रतीक भगवा रंग शर्मसार करने का प्रयत्न किया है जो कि भरसक निंदनीय है ऐसे कलाकारों का सामूहिक बहिष्कार होना चाहिए।

विहिप जिला कोषाध्यक्ष कन्हैया लाल वर्मा, सह जिला मंत्री कैलाश धाकड़,हिन्दू जागरण मंच के जिला संयोजक हनुमान धाकड़, जिला कोषाध्यक्ष मुकेश लौहार, जिला उपाध्यक्ष लौकेन्द शर्मा, भाजपा नगर मंत्री गोविंद कुम्हार, एस टी मोर्चा अध्यक्ष लादु भील, मंडल महामंत्री मोहन रेगर, बंटि पाराशर, जगदीश व्यास, रामलाल धाकड़ आदि कई कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# आईआईटी की तैयारी कर रहा स्टूडेंट 10वीं मंजिल से कूदा

भिवाड़ी (अलवर)(वि.सं.)। पढ़ाई से डिप्रेशन में आए एक 16 साल के स्टूडेंट ने सुसाइड कर लिया। बच्चे की हालत देख मां-बाप ने गुड़गांव से उसे नाना-नानी के पास भेजा था। लेकिन, मां-बाप को पता नहीं था कि बेटा मौका देख ऐसा कदम उठा लेगा और अपनी जान दे देगा। बताया जा रहा है कि 11वीं क्लास में पढ़ने वाला स्टूडेंट आईआईटी की भी तैयारी कर रहा था। मामला अलवर जिले के भिवाड़ी में गुरुवार शाम 6:30 बजे का है। जानकारी के अनुसार गुड़गांव के सेक्टर 9 में काव्या(16) पुत्र अमित शर्मा अपने माता-पिता के साथ रहता था। गुरुवार को ही काव्या गुड़गांव से अपने नाना वी.के सिंह के पास आया था। शाम करीब 6:30 बजे वह अपने नाना के पास बैठकर पिज्जा खा रहा था।

# चेयरमैन इकराम राजस्थानी को मिला सम्मान

**जयपुर (हमारा वतन)।** मांड गायकी के पुरोधा कलाकार, पंडित चिरंजीलाल लाल तंवर की स्मृति में आयोजित संगीत समारोह में जवाहर लाल बाल साहित्य अकादमी के चेयरमैन, कवि, साहित्यकार,इकराम राजस्थानी का जयपुर के जवाहर कला केंद्र में सम्मान हुआ। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि इस प्रकार के आयोजन से देश की साझा संस्कृति का सन्देश समाज में




फैलता है, जिसकी आज सबसे बडी ज़रूरत है। इस दौरान समाज के कई गणमान्य लोगों ने संगीत समारोह में शिरकत कर सुंदर रचानों का आनंद लिया।

# सड़क स्वीकृति पर विधायक रामलाल शर्मा का जताया आभार

**जयपुर (हमारा वतन)।** सार्वजनिक निर्माण विभाग द्वारा चौमूँ विधानसभा क्षेत्र मे विधायक रामलाल शर्मा के प्रयासों से हस्तेड़ा से लालासर सीमा तक सड़क स्वीकृत करवाने पर ग्रामवासियों द्वारा सुभाष सर्किल स्थित विधायक निवास पर विधायक रामलाल शर्मा का माला एवं साफा पहनाकर आभार जताया गया। हस्तेड़ा से लालासर सीमा तक 1.80 किमी की लंबाई की सड़क का निर्माण 63.13 लाख रुपये की लागत से होगा।

उक्त सड़क दो विधानसभा क्षेत्रों को जोड़ने का काम करेगी। उक्त सड़क के स्वीकृत होने पर ग्राम वासियों में खुशी का



माहौल है।

इस मौके पर भाजपा मंडल अध्यक्ष बनवारी लाल शर्मा, पूर्व प्रधान महेश मीणा, किसान मोर्चा अध्यक्ष अमरचंद निठारवाल, मालीराम निठारवाल, जीवन राम, कल्याणमल नायक, कन्हैया लाल निठारवाल, रामेश्वर, हरफूल फौजी आदि लोग उपस्थित रहे।

# कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने मनाई संजय गांधी की 76वीं जयंती

**चौमूँ (हमारा वतन)।** शहर के बस स्टैंड स्थित संजय पार्क में पूर्व विधायक भगवान सहाय सैनी, चौमूं नगरपालिका चेयरमैन विष्णु कुमार सैनी व कांग्रेस कार्यकर्ताओं द्वारा कांग्रेस के नेता संजय गांधी की 76वीं जयंती मनाई गई। कांग्रेस कार्यकर्ताओं द्वारा संजय गांधी के छाया चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। पूर्व विधायक सैनी ने बताया कि भारत के राजनीति इतिहास में संजय गाँधी एक ऐसे राजनेता थे जो तेज तर्रार शैली और दृढ़ निश्चयी सोच की वजह से देश की युवा पसंद करते थे। संजय गांधी अपनी सादगी और भाषण के लिए जाने जाते थे। चेयरमैन विष्णु कुमार सैनी ने कहा कि संजय गांधी के बारे में कहा जाता है कि सियासत हो



या निजी जिंदगी वे खतरों से बेपरवाह होकर आगे बढ़ जाते थे। इस दौरान सभी कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## ट्रैफिक ब्लॉक के कारण 15 ट्रेनों का संचालन प्रभावित

# बीकानेर-रतनगढ़ के बीच 6 ट्रेन रहेगी रद्द, 3 ट्रेनों का किया जाएगा डायवर्ट

जयपुर(नि.सं.)। उत्तर पश्चिम रेलवे के बीकानेर डिविजन में बीकानेर-रतनगढ़ के बीच आरसीसी बॉक्स डालने का काम करवाया जाएगा। इस कारण इस रूट पर ट्रेनों का संचालन 29 और 30 दिसंबर को प्रभावित रहेगा। रेलवे की ओर से इस रूट से गुजरने वाली 15 ट्रेनों के संचालन को प्रभावित किया है। इसमें 6 ट्रेनों तो पूरी तरह रद्द रहेगी, जबकि 3 ट्रेनों को रूट डायवर्ट करके चलाया जाएगा। उत्तर पश्चिम रेलवे से जारी शेड्यूल के मुताबिक इस काम के कारण गाड़ी संख्या 04856, रतनगढ़-बीकानेर 29 दिसंबर को, गाड़ी संख्या 04855



बीकानेर-रतनगढ़, गाड़ी संख्या 14898, हिसार-बीकानेर, गाड़ी संख्या 04831 बीकानेर-हिसार, गाड़ी संख्या 04789, रेवाड़ी-बीकानेर और गाड़ी संख्या 04790 बीकानेर-रेवाड़ी 30 दिसंबर को नहीं चलेगी।इसके अलावा गाड़ी संख्या 20403 प्रयागराज-बीकानेर 28 दिसंबर, जबकि गाड़ी संख्या 12404 बीकानेर-प्रयागराज 30 को बीकानेर-रतनगढ़ के बीच नहीं चलेगी। गाडी संख्या 12457 दिल्ली सराय-बीकानेर 29 दिसंबर और गाड़ी संख्या 14718 हरिद्वार-बीकानेर 29 दिसंबर को बीकानेर ईस्ट से बीकानेर जंक्शन के बीच नहीं चलेगी।

# (कविता) माँ

माँ की गोद निराली है बिन माँ के दुनिया खाली है
माँ से ही संसार है सारा माँ बालक का एक सहारा

अपने तन से बना खिलौना संसार उसे उपहार दिया माँ
बालपने ने शब्द चुना जो तुतलाता बचपन बोला माँ
अपनी मिट्टी की पौध सींचकर सुंदर सा बदन बनाया माँ
ज्ञान दिया विज्ञान दिया हर सपना साकार किया माँ


खुशहाल रहे वह बेटे जो माँ का फर्ज निभाते हैं
रूखी सूखी खाते हैं पर माँ से आज्ञा पाते हैं
बच्चों में खुद को ढूंढने वाली बच्चों से क्या चाहेगी
खुशहाली का आशीष दे कर दो वक्त की रोटी खाएगी

बड़ी अभागी वह संताने जो मां को समझ ना पाएगी
बिन बोले और रात अंधेरे वृद्धाश्रम ले जाएगी
कर्ज कभी ममता का संतान चुका ना पाएगी
सब मिल जाएगा जीवन में लेकिन मां नहीं मिल पाएगी
और बिन मा की दुनिया खाली है मां की गोद निराली है
सब मिल जाएगा जीवन में लेकिन मां नहीं मिल पाएगी



विनोद शर्मा वेणु
सिकर

सत्यमेव जयते
राजस्थान सरकार



# 4 वर्ष

## जनसेवा, सबका सम्मान आगे बढ़ता राजस्थान

### सेवा ही कर्म, सेवा ही धर्म

"राज्य की संवेदनशील, पारदर्शी एवं जवाबदेह सरकार के सफल 4 वर्ष पूर्ण होने पर, मैं सभी को हार्दिक बधाई देते हुए प्रदेशवासियों की खुशहाली, सुख-समृद्धि, स्वस्थ जीवन और चहुंमुखी विकास की कामना करता हूं। आइए, हम सब मिलकर राजस्थान के चहुंमुखी विकास के लिए पूरी निष्ठा एवं संकल्पबद्धता से अपने कदम बढ़ाएं और मन, वचन व कर्म से इसमें सहभागी बनकर अपनी भूमिका निभाएं।"

**अशोक गहलोत**
**मुख्यमंत्री, राजस्थान**

# मॉडल स्टेट राजस्थान

**मुख्यमंत्री चिरंजीवी स्वास्थ्य बीमा योजना**
₹10 लाख का कैशलेस स्वास्थ्य बीमा एवं ₹5 लाख का दुर्घटना बीमा। अब तक 27.60 लाख मरीजों को ₹3195 करोड़ का निःशुल्क इलाज।

**ओल्ड पेंशन स्कीम**
1 जनवरी 2004 से नियुक्त हुए सभी सरकारी कर्मचारियों को पूर्व पेंशन योजना (ओपीएस) लागू।

**सरकारी नौकरी**
1.36 लाख सरकारी नौकरी दी गई। 1.21 लाख सरकारी भर्तियां प्रक्रियाधीन। 1 लाख अतिरिक्त पदों पर भर्ती प्रस्तावित।

**इंदिरा गांधी शहरी रोजगार गारंटी योजना**
शहरों में 100 दिन के रोजगार की गारंटी। अब तक 3 लाख 50 हजार जॉब कार्ड जारी।

**राजीव गांधी ग्रामीण ओलम्पिक खेल**
दुनिया का सबसे बड़ा खेल आयोजन। लगभग 30 लाख लोगों ने लिया भाग। शहरी ओलम्पिक खेल 26 जनवरी, 2023 से। ये खेल प्रतिवर्ष आयोजित होंगे।

**पालनहार योजना**
अनाथ एवं अन्य पात्रतानुसार बच्चों को प्रतिमाह ₹500 से ₹2500 की आर्थिक सहायता। अब तक 6 लाख 64 हजार बच्चे लाभान्वित।

**राजीव गांधी स्कॉलरशिप फॉर एकेडमिक एक्सीलेंस**
प्रतिवर्ष 200 बच्चों की विदेश में पढ़ाई का खर्च सरकार द्वारा वहन।

**महात्मा गांधी इंग्लिश मीडियम स्कूल**
राज्य में 1670 अंग्रेजी माध्यम विद्यालयों में गुणवत्तायुक्त शिक्षा।

**बालिकाओं को स्कूटी वितरण**
स्कूल व कॉलेज जाने वाली 20,000 बालिकाओं को प्रतिवर्ष स्कूटी का वितरण।

**मुख्यमंत्री निःशुल्क यूनिफॉर्म वितरण योजना**
राजकीय विद्यालयों के कक्षा 1 से 8 तक के विद्यार्थियों को यूनिफॉर्म के दो सैट निःशुल्क।

**मुख्यमंत्री बाल गोपाल योजना**
राजकीय विद्यालयों के कक्षा 1 से 8 तक के विद्यार्थियों को हर मंगलवार व शुक्रवार को दूध वितरण।

**टेक्नोलॉजी से विकास**
यूनीक आईटी इंस्टीट्यूट-राजीव गांधी फिनटेक डिजिटल इंस्टीट्यूट, जोधपुर।
मेडि-टेक, क्लाइमेट टेक एवं एग्रीटेक आदि की उन्नत तकनीकों पर रिसर्च के लिए-राजस्थान इंस्टीट्यूट ऑफ एडवांस्ड लर्निंग, जयपुर।
स्टार्टअप्स के लिए प्लग एंड प्ले फेसिलिटी-जयपुर, जोधपुर एवं कोटा में राजीव गांधी नॉलेज इनोवेशन हब।
फिनिशिंग स्कूल-R-CAT.

**सामाजिक सुरक्षा पेंशन**
वृद्धजन, विशेष योग्यजन, विधवा, एकल नारी सहित लगभग एक करोड़ लोगों को दी जा रही है पेंशन।

**सस्ती घरेलू बिजली**
38.18 लाख परिवारों का बिजली बिल शून्य।

**किसानों को सस्ती बिजली**
कृषि बिजली दर में कोई वृद्धि नहीं, इसके लिए ₹16 हजार करोड़ का वार्षिक अनुदान।

**मुख्यमंत्री किसान मित्र ऊर्जा योजना**
किसानों को कृषि बिजली कनेक्शनों पर ₹1000 प्रतिमाह का अतिरिक्त अनुदान। 8 लाख किसानों का बिजली बिल शून्य।

**उड़ान योजना**
बालिकाओं व महिलाओं को प्रतिमाह 12 सैनिटरी नैपकिन निःशुल्क। लगभग 1.45 करोड़ किशोरियां एवं महिलाएं लाभान्वित।

**इंदिरा रसोई**
₹8 में पौष्टिक एवं गुणवत्तापूर्ण भोजन। प्रदेश में 951 इंदिरा रसोई संचालित। राज्य सरकार द्वारा प्रति थाली ₹17 का अनुदान।

**मुख्यमंत्री दुग्ध उत्पादक संबल योजना**
दूध उत्पादकों को प्रति लीटर ₹5 का अनुदान। अब तक कुल ₹718 करोड़ का अनुदान।

**सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, राजस्थान**

राजस्थान संवाद

टिकिट

हमारा वतन साप्ताहिक
HamaraWATANWeekly संस्थापित 1965 ہمارا وطن ہفت روزہ
राष्ट्रीय विचारधारा की सर्वोत्तम अभिव्यक्ति का प्रतीक

क्या ख़ाक़ लिखे कोई, बरगश्ता ज़माना है,
कांटों पै भी चलना है, दामन भी बचाना है।

### अति आवश्यक सूचना

पाठकों व विज्ञापनदाताओं से निवेदन है कि जिनका सालाना सदस्यता शुल्क व विज्ञापनों का भुगतान नहीं हो पाया है वे अपना शुल्क 'हमारा वतन के नाम से खाता संख्या 61079058819' एसबीआई (IFSC Code- SBIN0004227) में या 9214996258 पर फोन-पे, पेटीएम, गुगल-पे पर जमा कराकर सूचित करें।

– सम्पादक

पुनीत प्रतिष्ठा में :-

# गंभीर होती चीन की चुनौती

दो साल पहले लद्दाख के गलवन कांड की याद को ताजा करते हुए इस महीने की नौ तारीख को अरुणाचल प्रदेश के तवांग सेक्टर की यांग्त्से सीमा चौकी पर भारत और चीन के सैनिकों के बीच गंभीर टकराव हुआ। भारत के नियंत्रण वाले तवांग क्षेत्र में प्रवेश करने का प्रयास करने वाले लगभग तीन सौ चीनी सैनिकों के एक दल और भारतीय सैनिकों के बीच हाल में जो यह हाथापाई हुई, उसे 2020 के गलवन कांड के बाद भारतीय और चीनी सेना के बीच टकराव की सबसे गंभीर घटना माना जा रहा है। चीनी सैनिकों को वापस धकेलने के बाद भारतीय सेना ने अपने एक संक्षिप्त बयान में बताया है कि इस मुठभेड़ में भारत के पांच जवान घायल हुए और स्थिति नियंत्रण में है।भले ही इस बार सैन्य झड़प की हिंसा काफी हद तक सीमित रही, लेकिन भारत-चीन संबंधों को रसातल में पहुंचाने वाले गलवन कांड के बाद चीन की ओर से फिर इस तरह की कार्रवाई यही संकेत दे रही है कि चीनी राष्ट्रपति शी जिनफिंग के इरादे नेक नहीं हैं। ऐसी आशंका इसलिए बलवती हो रही है, क्योंकि कोविड को लेकर घोर विफलता के कारण चीनी राष्ट्रपति और उनकी कम्युनिस्ट सरकार चीन में उठ रही जनाक्रोश की लहर से सहमे हुए हैं। ऐसे में, यही लगता है कि चीनी राष्ट्रपति, पार्टी प्रमुख और प्रधान सेनापति के सभी पदों पर विराजमान शी की सेना अपनी जनता का ध्यान बंटाने के लिए ही इस तरह की हरकतें कर रही है। ऐसा मानने वालों की कमी नहीं है कि इस जनाक्रोश को ठंडा करने के लिए शी कभी भी भारत या ताइवान के साथ युद्ध के हालत पैदा कर सकते हैं। ऐसे में यह सवाल अहम हो जाता है कि शी दोनों देशों में से किसके साथ टक्कर लेना ज्यादा फायदेमंद मानते हैं? चीनी मामलों के कुछ विशेषज्ञ मानते हैं कि ताइवान पर हमला करके चीन एक ऐसे अंतरराष्ट्रीय टकराव में उलझ सकता है, जिसमें ताइवान पर पूरी तरह कब्जे का शी का सपना पूरा नहीं हो पाएगा। भारत के बारे में भी चीन को समझ आ गया है कि 1962 के बजाय आज का भारत करारा जवाबी हमला कर सकता है, जो चीन को बहुत महंगा पड़ेगा। इसके बाद विश्व विजय का उसका सपना ध्वस्त हो सकता है। जो भी हो, रावण और दुर्योधन सरीखी मानसिकता वाले तानाशाह शी जिनफिंग बदहवासी के आलम में किसी भी हद तक जा सकते हैं और तवांग प्रकरण इसकी ताजा मिसाल है, जिसने भारत को सचेत रहने का संकेत दे दिया है।यह पहला अवसर नहीं जब अरुणाचल के यांग्त्से क्षेत्र में चीनी सैनिकों ने नियंत्रण रेखा को बदलने का प्रयास किया हो, लेकिन इस बार भारतीय क्षेत्र में घुसने का प्रयास करने वाले चीनी सैन्य दस्ते की संख्या तीन सौ से अधिक थी, जबकि अमूमन 20-25 चीनी सैनिकों की टुकड़ियां ही इस क्षेत्र में गश्त लगाने आती रही हैं। भारत और चीन की सेनाओं के बीच आपसी सहमति है कि गश्त करते समय दोनों पक्षों का कोई भी सैनिक अपने पास बंदूक, पिस्तौल या इस तरह का कोई घातक हथियार नहीं रखेगा। इस कारण ऐसी स्थिति में होने वाला टकराव एक दूसरे पर चिल्लाने, नारेबाजी और धक्कामुक्की तक ही सीमित रहता है। शायद यही कारण है कि तवांग में टकराव भी धक्कामुक्की और हाथापाई से आगे नहीं बढ़ा।वहीं, जून 2020 में गलवन में चीनी सैनिकों ने निहत्थे रहने के नियम का पालन करने के बजाय पहले से तैयार कीलों की वेल्डिंग वाली लोहे की राड और बाड़ की तारों से लैस डंडों जैसे घातक हथियारों से भारतीय सैनिकों पर एकाएक हमला बोल दिया था। उस हमले में भारतीय कमांडर सहित 20 सैनिक बलिदान हो गए थे, लेकिन समय पर भारतीय सेना की नई कुमुक के पहुंच जाने से बाजी पलट गई। चीन सरकार ने गलवन में अपने हताहत सैनिकों पर पर साल भर चुप्पी साधे रखी और बाद में केवल चार सैनिकों के मरने की बात स्वीकारी। हालांकि, अमेरिका समेत कुछ देशों के चीन में सक्रिय खुफिया तंत्रों ने बाद में दावा किया कि इस मुठभेड़ में चीन के 42 सैनिक मारे गए थे। सैटेलाइट तस्वीरों से भी इस दावे की पुष्टि हुई। तवांग में झड़प ने सिद्ध किया कि इस क्षेत्र में भारतीय सेना की तैयारी बहुत मजबूत है और हमारे सैनिक इस तरह की स्थिति से निपटने को पूरी तरह तैयार हैं। इससे पहले ऐसे समाचार आते रहे हैं कि चीन ने भारत के साथ लगने वाली अपनी करीब साढ़े तीन हजार किमी लंबी सीमा के साथ-साथ न केवल साल भर चालू रहने वाला सड़कों का तंत्र विकसित किया हुआ है।


राम गोपाल सैनी

### पेयजल जलाशयों की सफाई व्यवस्था होगी कम्प्यूटरीकृत

# जयपुर सहित अन्य स्थानों पर बदलेगी 2583 किमी पुरानी व क्षतिग्रस्त पाईपलाइन-अग्रवाल

जयपुर(नि.सं.)। अतिरिक्त मुख्य सचिव जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग डॉ. सुबोध अग्रवाल ने कहा है कि प्रदेशवासियों के लिए पेयजल वितरण के सभी 33 हजार 769 जलाशयों की समयवद्ध सफाई सुनिश्चित करने के लिए कम्प्यूटरीकृत मॉनिटरिंग व्यवस्था सुनिश्चित की जाएगी। उन्होंने बताया कि प्रदूषित पानी की समस्या को देखते हुए संबंधित जिलों की 2583 किमी से अधिक की पुरानी व क्षतिग्रस्त पाईपलाइन चिन्हित की गई है जिसमें से 886 किमी पाईप लाइन बदलने की स्वीकृति जारी कर दी गई हैं। वहीं 1100 किमी पाईपलाइन बदलने के प्रस्ताव अतिशीघ्र तैयार किये जा रहे हैं। डॉ अग्रवाल ने बताया कि 596 किमी पाईपलाइन बदलने के प्रस्ताव भी तैयार कर राज्य सरकार को प्रेषित करने के निर्देश दे दिए गए हैं। डॉ. अग्रवाल यहां जल भवन में राज्य स्तरीय समीक्षा बैठक को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि प्रदेश के प्रत्येक नागरिक को शुद्ध व गुणवत्तायुक्त पेयजल उपलब्ध कराना हमारा दायित्व है। उन्होंने बताया कि प्रदेश में 24 हजार 409 भूतल जलाशय, 4415 स्वच्छ जलाशय और 4939 उच्च जलाशयों से पेयजल वितरण किया जाता है। उन्होंने कहा कि इन जलाशयों की नियमित साफ-सफाई सुनिश्चित करने के लिए कम्प्यूटरीकृत व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं, ताकि तय समय पर साफ-सफाई का कार्य हो सकें। उन्होंने बताया कि राज्य के पांच जिलों में जयपुर में करीबन 642 किमी, कोटा में 262 किमी, भरतपुर में 206 किमी, अजमेर में 150 किमी व बूंदी में 150 किमी पुरानी व क्षतिग्रस्त पाईपलाइन चिन्हित की गई है।



### जिला स्तरीय अधिकारियों की समीक्षा बैठक ली

# जिला स्तरीय प्रदर्शनी में सभी विभाग समन्वय बनाकर कार्य करें:रावत

जयपुर(नि.सं.)। उद्योग मंत्री एवं सीकर जिले की प्रभारी मंत्री शकुंन्तला रावत ने सर्किट हाउस में राज्य सरकार के 4 वर्ष पूर्ण होने पर 22 दिसंबर को आयोजित होने वाली जिला स्तरीय प्रदर्शनी, जिला दर्शन पुस्तिका विमोचन के साथ ही आयोजित होने वाले विभिन्न कार्यक्रमों के संबंध में जिला स्तरीय अधिकारियों की समीक्षा बैठक ली तथा निर्देशित किया कि वर्तमान सरकार के 4 वर्ष पूर्ण होने पर आयोजित होने वाली जिला स्तरीय प्रदर्शनी में सभी विभाग एक दूसरे से समन्वय बनाकर 4 वर्ष में जिले में पूर्ण हुए कार्यो और सरकार की जनकल्याणकारी योजना के लाभार्थियों की पूरी रिपोर्ट तैयार कर निर्धारित तिथि तक फ्लैक्सीस बोर्ड तैयार करवाकर सूचना एवं जनसंपर्क कार्यालय में भिजवाना सुनिश्चित करें ताकि इन्हें प्रर्दशनी में दिग्दर्शित किया जा सके। प्रभारी मंत्री रावत ने निर्देश दिये कि सरकार ने पिछ्ले 4 वर्षो में अपने सुशासन और फ्लैगशिप जनकल्याणकारी योजनाओं द्वारा राज्य के आम नागरिकों को लाभान्वित किया है,

विशेषकर मुख्यमंत्री चिरंजीवी स्वास्थ्य बीमा योजना, उड़ान योजना, मुख्यमंत्री कन्यादान योजना, जल जीवन मिशन, शहरी रोजगार गारंटी योजना, मुख्यमंत्री लघु उद्योग प्रोत्साहन, मनरेगा योजना, सार्वजनिक निर्माण, कृषि विभाग, विद्युत विभाग सहित विभिन्न योजनाओं द्वारा राज्य के प्रत्येक आम नागरिक को राहत पहुंचाई गई है इसलिए इन योजनाओं के बारे में आमजन को जानकारी हो सके इसको जिला स्तरीय प्रर्दशनी में लगवाना सुनिश्चित करें। बैठक में सीकर जिला कलेक्टर डॉ. अमित यादव, एडीएम रतन कुमार, बीसूका जिला उपाध्यक्ष सुनीता गठाला, सीईओ जिला परिषद सुरेश कुमार सहित जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।



Mohan Lal Jitarwal
Jaisingh Jitarwal
मोनिका प्रिन्टर्स
WE DESIGN , PRINT & PROMOTE...YOU ! थाना मोड़, चौमूँ
फलेक्स/विनायल | ऑफसेट प्रिन्टिंग | पोस्टर / पम्पलेट | बिल–बुक | लेटर हेड
शादी कार्ड | सवामणी कार्ड | स्क्रीन प्रिन्टिंग | विजिटिंग कार्ड | आई – कार्ड
हमारे यहाँ प्रिन्टिंग से सम्बन्धित सभी कार्य उचित रेट पर किये जाते है
तथा चुनाव से सम्बन्धित सामग्री उचित रेट पर तैयार की जाती है।
एक बार सेवा का मोका अवश्य दें
Contact Us: 9785850646, 8946910073, 7610022192
monikaprinters68@gmail.com

### प्रधानमंत्री फसल बीमा के प्रचार-प्रसार हेतु मोबाइल वैन रवाना

# कृषक जागरूक रहकर सरकार की योजनाओं का लाभ उठाएं : जूली

जयपुर(नि.सं.)। टीकाराम जूली ने अलवर जिले में प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना अन्तर्गत फसल बीमा के प्रचार-प्रसार हेतु मोबाइल वैन कैम्पेन को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर मंत्री जूली ने कहा कि इस मोबाइल वैन द्वारा जिले की प्रत्येक ग्राम पंचायतों में कृषकों को फसल बीमा से संबंधित जानकारी प्रदान की जाएगी। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा कृषकों के कल्याण हेतु विभिन्न योजनाएं संचालित संचालित की हुई है जिनका कृषक जागरूक रहकर लाभ उठाए। उन्होंने कहा कि अलवर में प्याज प्रमुख फसल है इसे भी प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना में शामिल किया जाना चाहिए। मंत्री जूली द्वारा कृषक पाठशाला के बैनर तथा चिरंजीवी योजना व फसल बीमा योजना के पोस्टर का विमोचन किया गया। कृषि विभाग के उप निदेशक (कार्यवाहक) के.एल मीना बताया कि प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना अन्तर्गत फसल बीमा के प्रचार-प्रसार हेतु 10 मोबाइल वैन को मंत्री जूली द्वारा रवाना किया गया है।



RNI No. 10311/1965
स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक, सम्पादक राम गोपाल सैनी के लिए उदय प्रिन्टर्स 43 ए, माली कॉलोनी, चांदपोल बाहर, जयपुर से मुद्रित तथा वार्ड नं.1, सामोद रोड़ नीमड़ी, ग्राम-मोरीजा, तहसील-चौमूँ, जिला-जयपुर से प्रकाशित , मो. 9214996258, 7014468512
संरक्षक : बाबूलाल सैनी मोः 7296873757
सहायक सम्पादकः राकेश तिवाड़ी
प्रबंध सम्पादक : वली मोहम्मद कुरैशी, मो. 9929610759
सभी प्रकार के वाद-विवादों का न्याय क्षेत्र जयपुर शहर होगा